**बरेली पुलिस**

**प्रेस नोट दिनांक 27.07.25**

## थाना प्रेमनगर

**थाना प्रेमनगर #bareillypolice द्वारा गैस चूल्हा रिपेयर करने के बहाने घर मे घुसकर नाबालिग बच्ची के साथ छेडछाड करने वाले अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार ।**

थाना प्रेमनगर पर नाबालिग बच्ची के साथ छेडछाड करना व गंदी हरकते करने के संबंध में पंजीकृत मु0अ0सं0 0279/2025 धारा 75 बीएनएस व 9एम/10 पाक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त आमिर पुत्र स्व0 शाहिद उम्र 26 वर्ष नि0 कोहाडापीर बानखाना थाना प्रेमनगर जनपद बरेली को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त को रिमाण्ड हेतु माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**घटना का संक्षिप्त विवरणः**-दिनांक 26.07.25 की दोपहर को बालाजी बिहार फेस 02 नर्सरी रोड पर आवेदिका द्वारा रसोई गैस का चूल्हा ठीक करने हेतु आमिर को रविवार को बुलाया गया था। परन्तु आमिर के द्वारा शनिवार को ही घर में चूल्हा रिपेयरिंग करने चला गया। घर में केवल एक वृद्ध महिला व उसकी 08 वर्षीय पौती मौजूद थी, अन्य घर के परिजन काम से बाहर गये थे। अभियुक्त घर पर मौजूद 08 वर्षीय बच्ची से छेडछाड व अश्लील हरकते करने लगा उसी समय घर के अन्य परिजन के आ जाने पर अभियुक्त घर से चूल्हा सही करने का बहाना बता कर चला गया। बच्ची के द्वारा अपनी माता को घटना के बारे में बताया जिस पर पुत्री की मां के द्वारा थाना प्रेमनगर बरेली पर दिनांक 26.07.25 को घटना के संबंध में तहरीर दी गयी जिसके आधार पर थाना प्रेमनगर बरेली पर मु0अ0सं0 0279/2025 धारा 75 बीएनएस व 9एम/10 पाक्सो एक्ट पंजीकृत कराया गया तथा अभियुक्त को त्वरित कार्यवाही करते हुए कुछ ही समय में गिरफ्तार किया गया। आज दिनांक 27.07.2025 को गिरफ्तार अभियुक्त को रिमाण्ड हेतु माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**सूचना, पुलिस टीम एवं कार्यवाही** – अपराध की रोकथाम व अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही अभियान के अन्तर्गत थाना प्रेमनगर पुलिस टीम द्वारा दिनांक 26.07.25 को आवेदिका की सूचना पर थाना प्रेमनगर पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए मुकदमा पंजीकृत किया गया तथा मुकदमे से संबंधित अभियुक्त आमिर पुत्र स्व0 शाहिद उम्र 26 वर्ष नि0 कोहाडापीर बानखाना थाना प्रेमनगर जनपद बरेली को अशरफ खां छावनी से गिरफ्तार किया गया।

**पूछताछ एवं अभियुक्त का विवरणः-**अभियुक्त द्वारा पूछने पर बताया कि मैं गैस चूल्हा रिपेयर का काम करता हूँ तथा शनिवार को बालाजी बिहार में एक घर में चूल्हा रिपेयरिंग करने चला गया। घर मै केवल एक वृद्ध महिला व उसकी 08 वर्षीय पौती मौजूद थी अन्य घर के परिजन काम से बाहर गये थे। जिस कारण मैनें अकेले का फायदा उठाकर 08 वर्षीय बच्ची से पानी मगानें के बहाने से बच्ची के साथ छेडछाड व अश्लील हरकते की तथा उसी समय घर के अन्य परिजन के आ जाने पर मैं घर से चूल्हा सही करने का बहाना बता कर चला गया था।

**गिरफ्तार अभियुक्त**– आमिर पुत्र स्व0 शाहिद उम्र 26 वर्ष नि0 कोहाडापीर बानखाना थाना प्रेमनगर जनपद बरेली।

**पुलिस टीम का विवरणः–**

1.श्री आशुतोष रघुवंशी, प्रभारी निरीक्षक थाना प्रेमनगर बरेली।

2.उ0नि0 श्री राजेन्द्र सिंह सिरोही, थाना प्रेमनगर बरेली।

3.म0उ0नि0 श्रीमति वर्षा राघव, थाना प्रेमनगर बरेली।

4.हे0का0 757 विनोद, थाना प्रेमनगर बरेली।

5.का0 2792 सुबोध, थाना प्रेमनगर बरेली।